न्यायालय नायब तहसीलदार ...पीलवा.... (नागौर) राजस्थान

प्रार्थी राज.सरकार जरिये पटवारी हल्का ...झालरा...

बनाम

अप्रार्थी :– श्री रामचन्द्र/सुवाराम निवासी झालरा अन्तर्गत धारा 91 भू–राजस्व अधिनियम 1956

प्रकरण संख्या ...27 / 2018

निर्णय — दिनांक 29.5.18

पत्रावली का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पटवारी हल्का झालरा ने अप्रार्थी के विरूद्व टी.पी.रिपोर्ट प्रस्तुत की है कि अप्रार्थी द्वारा संवत 2075 में सरहद लाखियास के खसरा नम्बर 137.... मी. किस्म गै.मु. ओरणवाला में रकबा 0.32 है. बीघा भूमि में बाड़ लगाकर कर अतिक्रमण किया है। जिस पर बाद धारा 91 एल आर एक्ट 1956 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर अप्रार्थी को वास्ते वजह सबूत नोटिस जारी किया गया। अप्रार्थी .... से नोटिस तामिल होने पर शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी की तरफ से अधिवक्ता श्री ......—......ने दिनांक ....—...... को उपस्थित होकर ......—......... प्रस्तुत किया जिसे शामिल पत्रावली किया गया ।

पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजातो एवं हल्का पटवारी की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया । अप्रार्थी का मौजा लाखियास के खसरा नम्बर 137 किस्म गै. मु. ओरणवाला में रकबा 0.32 है. बीघा की भूमि पर अतिक्रमण किया जाना वर्तमान में सिद्ध होना पाये जाने पर अप्रार्थी को अतिक्रमी घोषित किया जाता है।

अत : अप्रार्थी द्वारा उक्त अतिक्रमित भूमि पर किये गये अतिक्रमण को मौके से बेदखल करने का आदेश पारित किया जाता है। लगान दर 6........ रूपये प्रति बीघा की दर से अतिक्रमित रकबा 0.32 है. बीघा भूमि के 1.92 रूपये लगान का 50 गुणा 96.00 ...../– अक्षरे छियनवे......... रूपये बतौर जुर्माना दण्डित किया जाता है। जुर्माना की राशि तहसील राजस्व लेखाकार व पटवारी हल्का को मांग कायमी कर वसूली हेतु लिखा जावे। पटवारी हल्का को आदेश दिया जाता है कि अप्रार्थी को मौके से भौतिक रूप से बेदखल कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

निर्णय आज दिनॉक ...29.5.18... को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

नायब तहसीलदार पीलवा